दिनांक-16.11.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की छह दिन की यात्रा पर होंगे रवाना।
- प्रदेश में गीता जयंती भव्य रूप में मनाई जाएगी, कहा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने।
- प्रदेश के पीयूष तिवारी भारत कॉमनवेल्थ ट्रेड काउंसिल के ट्रेड कमिश्नर नियुक्त।
- भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथ टी-20 म□145 रनों से जीता, चार म□ों की टी20 सीरीज 3-1 से अपने नाम की।

प्रधानमंत्री -नाइजीरिया ब्राजील गुयाना यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की छह दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। यात्रा के पहले चरण में, प्रधानमंत्री मोदी नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू के निमंत्रण पर नाइजीरिया पहुंचेंगे। 17 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नाइजीरिया की यह पहली यात्रा होगी। दो दिन की इस यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री नाइजीरिया के शीर्ष नेताओं के साथ दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा करेंगे। श्री मोदी नाइजीरिया में भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे।

नाइजीरिया की यात्रा के बाद, प्रधानमंत्री मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के रियो डी जनेरियो पहुंचेंगे। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइस इनासियो लूला डी सिल्वा 18 और 19 नवंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ जी-20 ट्रोइका का हिस्सा ह□और जी-20 शिखर सम्मेलन की जारी वार्ताओं में सक्रिय योगदान कर रहा ह□यात्रा के तीसरे चरण में प्रधानमंत्री मोदी 19 से 21 नवंबर तक गुयाना की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। 1968 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की गुयाना की यह पहली यात्रा होगी। पिछले वर्ष गुयाना के राष्ट्रपति डॉक्टर मोहम्मद इरफान अली भारत यात्रा पर आये थे और वे मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित 17वें प्रवासी भारतीय दिवस के मुख्य अतिथि थे।

विश्व सहिष्णुता दिवस

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा ह□कि प्रदेश में ज□जन्माष्टमी, विजयादशमी और गोवर्धन पूजा आदि सरकार और समाज ने मिलकर मनाए हैं, उसी क्रम में राज्य सरकार पूरे प्रदेश में भव्य रूप में गीता जयंती मनाएगी। कल विश्व सहिष्णुता दिवस पर भोपाल के पटेल नगर स्थित इस्कॉन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्री राधावल्लभ जी के श्रीविग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा और दीपदान महोत्सव में हिस्सा लेने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा की सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार उन सभी स्थानों को तीर्थ स्थल बनाएगी, जहां भगवान श्री कृष्ण के चरण पड़े हैं। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर उपस्थित रही। डॉक्टर मोहन यादव विश्व सहिष्णुता दिवस मंत्री

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो-कोकीन

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एन. सी. बी.) ने दिल्ली में लगभग 900 करोड़ रुपये की कोकीन की सबसे बड़ी खेप का भंडाफोड़ किया ह□गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि अब तक की जांच से पता चला ह□कि विदेश से लोगों का एक समूह इस गिरोह का संचालन कर रहा ह□जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ की कुछ मात्रा कूरियर या छोटी कार्गो सेवाओं के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया भेजी जानी थी। मंत्रालय ने कहा कि इस मामले में शामिल व्यक्ति मुख्य रूप से हवाला ऑपरेटर हैं और एक-दूसरे को नहीं जानते हैं तथा वे नशीली दवाओं के सौदे पर दिन-प्रतिदिन की बातचीत के लिए छद्म नामों का उपयोग करते हैं। इस मामले में अब तक गिरोह के दो मुख्य व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ह□और जब्त कोकीन के स्रोत की पहचान करने के लिए जांच की जा रही ह□केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो को इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए बधाई दी ह□

युवा उत्सव

बैतूल के जेएच कॉलेज में आज अंतर जिला महाविद्यालय युवा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें जिले भर के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा कई विधाओं में प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में एकलव्य लोक कला समिति के माध्यम से जेएच पीजी कॉलेज के युवा विद्यार्थी लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। एकलव्य लोक कला समिति के डायरेक्टर महेश इंगले, राजेश कवदेती के नेतृत्व में जेएच पीजी कॉलेज के युवा छात्र-छात्राओ को संगीतकार सुनील ढोलकर, सागर ढोलकर अपनी ताल पर नृत्य की बारीकियां सिखा रहे हैं। एकलव्य लोक कला समिति के डायरेक्टर महेश इंगले ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाली विजेता टीम 21 से 23 नवंबर को बरकतुल्लाह में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

कॉमनवेल्थ नियुक्ति

मध्य प्रदेश के पीयूष तिवारी भारत कॉमनवेल्थ ट्रेड काउंसिल के ट्रेड कमिश्नर नियुक्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री तिवारी को नियुक्ति-पत्र सौंपा है। डॉ. यादव अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस पर कल भारत कॉमनवेल्थ ट्रेड काउंसिल के ट्रेड कमिश्नर के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कहा कि ट्रेड कमिश्नर के रूप में श्री पीयूष तिवारी की नियुक्ति प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में कॉमनवेल्थ के कई राष्ट्रों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इन देशों में ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया, यूनाइटेड किंगडम, मलावी, समोआ शामिल हैं। इन देशों के राजदूत और म्यांमार, तुर्की, मोरक्को, अल्जीरिया और युगांडा जैसे देशों के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

जनजातीय गौरव दिवस

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व और कृतित्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। कल जनजातीय गौरव दिवस पर धार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से शुरू हुए जनजातीय गौरव दिवस के माध्यम से हमारी आजादी में जनजातीय नायक-नायिकाओं के योगदान से देश-दुनिया को परिचित कराने में मदद मिली है। समारोह में राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाज सेवा, चिकित्सा, कला आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जनजाति समाज के व्यक्तियों को जनजातीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

टी-20 क्रिकेट

क्रिकेट में भारत ने कल जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में चौथे और अंतिम टी20 इंटरनेशनल मैच में दक्षिण अफ्रीका को 135 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने चार मैचों की टी20 सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। जीत के लिए 284 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम 18 ओवर और दो गेंद में 148 रन पर ढेर हो गई। इससे पहले, पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में एक विकेट पर 283 रनों का विशाल स्कोर बनाया। तिलक वर्मा ने 47 गेंदों में 120 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने 56 गेंदों में 105 रनों का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने सर्वाधिक 43 रन बनाए, जबकि भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट लिए। तिलक वर्मा को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

रीवा के प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में कल स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150 जयंती मनाई गयी।

मंडला जिले में जनजातीय गौरव दिवस पर 1521 स्थानीय कलाकारों, अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक सैला नृत्य कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है।

सिंधी समाज डिंडोरी द्वारा गुरुनानक जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई साथ ही गुरुद्वारे के समीप विशाल लंगर का आयोजन किया गया।

डिंडोरी जिले में अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश भर के किन्नर शामिल हो रहे हैं।

सतना जिले में राजस्व विभाग के राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व अभियान कल से शुरू किया गया। अभियान 15 दिसंबर तक चलेगा।

पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने कल गुनौर पहुंचकर राजस्व महाअभियान तहत पटवारियों की बैठक ली और जरूरी निर्देश दिए।

आगरमालवा जिले की नलखेड़ा जनपद में रिक्त दो वार्डों में पंच के निर्वाचन होना है। इसके लिऐ संबंधित ग्राम पंचायत, निर्वाचन क्षेत्र, वार्ड के क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई हैं।
विदिशा जिले में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षत कार्यक्रम के तहत फोटो निर्वाचक नामावली के अंतर्गत आज से दो दिवसीय शिविर लगाया जा रहा है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की छह दिन की यात्रा पर होंगे रवाना।
- प्रदेश में गीता जयंती भव्य रूप में मनाई जाएगी, कहा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने।
- प्रदेश के पीयूष तिवारी भारत कॉमनवेल्थ ट्रेड काउंसिल के ट्रेड कमिश्नर नियुक्त।
- भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथ टी-20 मैच 145 रनों से जीता, चार मैचों की टी20 सीरीज 3-1 से अपने नाम की।

....